58(I)/आईटीपीओ/सामान्य/2010-15

23 .03.2015

विषय : फाइलों/रजिस्टरों आदि की बाइण्डिग/जिल्द/सिलाई

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन कार्यालय में समय-समय पर निम्नलिखित कार्यों हेतु बाइण्डर की आवश्यकता होती है -

- फाइल की सिलाई एवं वाऊचर फाइल (कवर के साथ)
- लेजर बाइण्डिग (छोटे)
- लेजर बाइण्डिंग (बड़े)
- रजिस्टर बाइण्डिग (छोटे)
- कार्ड बोर्ड की बाइण्डिग
- रजिस्टर बाइण्डिग (बड़े)
- लेजर बाइण्डिग छोटे (चमड़े के साथ)
- लेजर बाइण्डिग बड़े (चमड़े के साथ)
- स्पाइरल बाइण्डिग (छोटे)
- स्पाइरल पाइरल बाइण्डिग (बड़े)

यदि आप यह कार्य करने के इच्छुक हों तो आपसे अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग अपने दर/कोटेशन बन्द लिफाफे में दिनांक 13.04.2015 को दोपहर बाद 3.00 बजे तक प्रबन्धक श्री राज बहादुर, कमरा नं.40 A प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली-110001 के पास जमा कर दें, जो उसी दिन शाम 4.00 बजे एक कमेटी के द्वारा खोली जायेंगी। जिस पार्टी की दरें सबसे कम होंगी उसी को संलग्न पृष्ठ में उल्लिखित शर्तों पर यह जाब दिया जायेगा। अनुमोदित दरें उक्त तिथि के बाद एक वर्ष तक लागू रहेंगी।

(राजबहादुर)
प्रबन्धक

<u>सिलाई का कार्य करने की शर्तें निम्नलिखित है :-</u>

1. ठेका आपको एक/ दो वर्ष के लिए अनुमोदित किया जायेगा ।
2. इस विभाग के लिए फाइलों को सिलाई एवं जिल्द बढ़ाने का कार्य आपको अनुभाग द्वारा सौंपा जायेगा जो शीघ्र ही पूरा होगा ।
3. सौंपा हुआ काम शीघ्र करना होगा और यदि कार्य अतिशीघ्र चाहिए तो उसी दिन देना पड़ेगा ।
4. कार्य उत्तम श्रेणी का होना चाहिए और उसमें अच्छे जिल्द के सामान का प्रयोग चाहिए ।
5. संतोषजनक कार्य होने पर आपके बिल का भुगतान तय रेट पर किया जायेगा ।
6. कार्य करने के लिए विभाग में समय पर न आने पर आपके पिछले बिल का भुगतान दिया जायेगा ।
7. इस विभाग को किसी भी समय कोई भी कारण बताए बिना ठेका समाप्त का अधिकार है ।
8. अगर आप विभाग का कार्य करने के इच्छुक नहीं हैं तो आपको विभाग को एक नोटिस देना पड़ेगा ।
9. सिलाई का कार्य करते समय किसी भी दुर्घटना के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं है ।
10. यदि आपके आयकर पेन कार्ड सर्विस सेल्स टैक्स नम्बर हैं तो उसे आप विभाग को लिखित में दें ।
11. इस ठेके के संदर्भ में किसी भी मामले का निर्णय दिल्ली के कोर्ट द्वारा किया जायेगा ।
12. टेण्डर में भाग ले रही कम्पनी यह सुनिश्चित कर लें कि उनके नाम पर अस्थाई संख्या पैन और वैध बैंक खाता है । भुगतान केवल चैक द्वारा ही किया जायेगा ।

धन्यवाद,

भवदीय,

(राज बहादुर)

प्रबन्धक